गधों और खच्चरों की जनसंख्या में वृद्धि

8456. श्री राम विलास पासवान : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान गधों की जनसंख्या में कितनी वार्षिक वृद्धि हुई है;

(ख) क्या सरकार ने गधों और खच्चरों के बारे में कोई सर्वेक्षण किया है और यदि हां, तो सर्वेक्षण कब किया था; और

(ग) क्या जनसंख्या में कोई वृद्धि नहीं हुई है, यदि हां तो इसमें कितनी कमी हुई है और इसके क्या कारण हैं ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना) : (क) से (ग) अखिल भारतीय पशुधन संगणना पंचवर्षीय आधार पर की जाती है। पिछली संगणना 1982 के लिए निर्धारित की गई थी और अनेक राज्यों ने इसे पूरा कर लिया है परन्तु उनमें से कुछ राज्यों ने प्रशासनिक एवं अन्य कारणों से इसे पूरा नहीं किया है। 1972 तथा 1977 से संबंधित पशुधन संगणनाओं, जो उपलब्ध हैं के आधार पर यह पता चलता है कि 1972 तथा 1977 के बीच खच्चरों की संख्या 3.48 प्रतिशत वार्षिक चक्रवृद्धि दर से बढ़ी जबकि गधों की संख्या 0.32 प्रतिशत वार्षिक की दर से कम हुई। चूंकि गधों की संख्या में मामूली गिरावट हुई है अतः कारण का अध्ययन नहीं किया गया।

IRDP In Kalahandi District Of Orissa

8457. SHRI RASA BEHARI BEHERA : Will the Minister of RURAL DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Integrated Rural Development Programme has not adequately succeeded in Kalahandi district of Orissa due to lack of proper coordination between the nationalised banks and various departments of State Government, non-release of sufficient amount of loans by the banks to the beneficiaries, utilisation of subsidy amounts as deposits for a long time instead of transferring them direct to the credit of beneficiaries and non provision of sanctioned units to the beneficiaries in time;

(b) if so, whether Government have taken any remedial measures; and

(c) if so, the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT (SHRI HARINATHA MISRA) : (a) to (c) According to the report received from the State Government, during the initial years, the implementation of the Integreted Rural Development Programme was, to some extent, adversely affected in Kalahandi district due to certain operational constraints, including some related to the functioning of the commercial banks. The State Government had taken steps to improve coordination at the district and the block levels and had also appointed a Committee consisting of field officers to verify the actual state of affairs. Specific cases of default by the bank functionaries are being taken up with the concerned authorities.

The performance in the IRDP in the district has since materially improved from 50% in 1980-81 to 101% in 1983-84.

मदनगीर में शौचालयों की संख्या बढ़ाने के लिए वहां के निवासियों का अनुरोध

8458. श्री सुभाष चन्द्र बोस अल्लूरी : क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मदनगीर निवासी मदनगीर में मूत्रालयों/शौचालयों की संख्या बढ़ाने और मौजूदा मूत्रालयों/शौचालयों में सफाई रखने और उनमें दरवाजे लगाने के लिए अनुरोध करते रहे हैं,

(ख) यदि हां, तो उनके द्वारा इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है; और

(ग) वहां पर शौचालयों की संख्या कब तक बढ़ा दी जायेगी ?

संसदीय कार्य विभाग में निर्माण और आवास मंत्रालय में तथा संसदीय कार्य विभाग में उप मन्त्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (ग) दिल्ली विकास प्राधिकरण ने सूचित किया है कि मूत्रालयों/शौचालयों की संख्या बढ़ाने के लिए मदनगीर कालोनी के निवासियों से हाल ही में ऐसे